Roll No.
रोल नं.

Series SHC

Code No. कोड नं. 201

- Please check that this question paper contains 7 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 18 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

FINANCIAL ACCOUNTING

(Theory) Paper I

वित्तीय लेखांकन

(सैद्धान्तिक) प्रश्न-पत्र I

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 60*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 60*

1. Name four situations in which Average Due Date technique is used. 2

ऐसी चार परिस्थितियाँ बताइए जिनमें औसत देय तिथि तकनीक अपनाई जाती है।

2. What is Sectional-balancing system ? 2

वर्गीय-सन्तुलन प्रणाली क्या है ?

3. What is meant by depreciation ? 2

ह्रास से क्या अभिप्राय है ?

4. State any two items of payments that are included in Cash Budget. 2

रोकड़ बजट में शामिल की जाने वाली भुगतान की किन्हीं दो मदों को बताइए।

5. What is meant by 'Income and Expenditure Account' ? 2

'आय-व्यय खाता' से क्या अभिप्राय है ?

6. State the meaning of 'Outstanding Expenses'. 2

'अदत्त व्यय' का अर्थ लिखें।

7. Explain briefly three advantages of Self-balancing Ledger System. 3

स्वसंतुलक खाता प्रणाली के तीन लाभ संक्षेप में समझाइए।

8. What do you mean by 'non-profit organisation' ? Give any two examples of non-profit organisations. 3

'लाभ न कमाने वाली संस्था' से आप क्या समझते हैं ? लाभ न कमाने वाली संस्थाओं के कोई दो उदाहरण दीजिए।

9. Define Account Current. Name any two parties between whom Account Current is exchanged. 3

चालू विवरण खाते की परिभाषा लिखें। ऐसे किन्हीं दो पक्षकारों के नाम बताइए जो एक-दूसरे को चालू विवरण खाता भेजते हैं।

10. From the following items calculate profit or loss on goods sold and value of closing stock of electric tubes on 31-12-2005 : 3

(i) 1-1-2005, opening stock of 30 electric tubes Rs. 30,000

(ii) 20 electric tubes sold during the year 2005 for Rs. 26,000

निम्नलिखित मदों से 31-12-2005 को विक्रय किए गए माल पर हुए लाभ या हानि और विद्युत् ट्यूबों के अन्तिम स्कन्ध का मूल्य निकालिए :

(i) 1-1-2005 को 30 विद्युत् ट्यूबों का आरम्भिक स्कन्ध 30,000 रु.

(ii) वर्ष 2005 में बेचे गए 20 विद्युत् ट्यूबों का विक्रय मूल्य 26,000 रु.

11. A company purchased furniture for Rs. 24,000 on 1st April, 2003. It charged depreciation @ 10% p.a. according to diminishing value method at the end of every year. Accounts are closed on 31st March every year. The furniture is sold for Rs. 15,000 on 31st March, 2006. Prepare Furniture Account for the year ended 31st March, 2006. 3

1 अप्रैल, 2003 को एक कम्पनी ने 24,000 रु. का फर्नीचर खरीदा। क्रमागत ह्रास पद्धति के अनुसार कम्पनी फर्नीचर पर प्रति वर्ष के अन्त में 10% वार्षिक दर से ह्रास की व्यवस्था करती है। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च तक के लिए बनाए जाते हैं। 31 मार्च, 2006 को उसी फर्नीचर को कम्पनी 15,000 रु. में बेच देती है। 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष का फर्नीचर खाता बनाइए।

12. Prepare Cash Budget for the month of August, 2006 from the following data :

(i) Selling price per unit Rs. 80

(ii) Purchase price per unit Rs. 40

(iii) Sales (July 2006) 400 units

(iv) Sales (August 2006) 1000 units

(v) Cash purchases (August 2006) 1000 units

(vi) Sales commission paid in August, 2006 Rs. 4,000

(vii) Cash balance on 1st August, 2006 Rs. 32,000

40% of the sales were on cash basis and 60% on one month credit. No credit purchase is made. There was no stock at the end of the month. 3

निम्नलिखित आंकड़ों से माह अगस्त, 2006 का रोकड़ बजट बनाएँ :

(i) प्रति इकाई विक्रय मूल्य 80 रु.

(ii) प्रति इकाई क्रय मूल्य 40 रु.

(iii) विक्रय (जुलाई 2006) 400 इकाइयाँ

(iv) विक्रय (अगस्त 2006) 1000 इकाइयाँ

(v) नकद क्रय (अगस्त 2006) 1000 इकाइयाँ

(vi) अगस्त, 2006 में विक्रय कमीशन दिया 4,000 रु.

(vii) 1 अगस्त, 2006 को नकद शेष 32,000 रु.

विक्रय का 40% नकद किया जाता है और 60% एक महीने के उधार पर किया जाता है। कोई उधार क्रय नहीं किया जाता। महीने के अन्त में कोई स्कन्ध शेष नहीं था।

13. From the following information with regard to a club, calculate the match expenses incurred during the year 2004 and show how this item will appear in the Balance Sheet of the Club : 4

(i) Match fund on 1.1.2004 Rs. 20,000

(ii) Match fund on 31.12.2004 Rs. 40,000

(iii) Amount received for the match fund during the year 2004 Rs. 36,000

एक क्लब के बारे में नीचे दी गई सूचनाओं से वर्ष 2004 में किए गए मैच के खर्चे की राशि निकालिए और दर्शाइए कि यह मद क्लब के स्थिति विवरण में किस प्रकार दिखाई जाएगी :

(i) मैच कोष 1.1.2004 को 20,000 रु.

(ii) मैच कोष 31.12.2004 को 40,000 रु.

(iii) वर्ष 2004 में मैच कोष के लिए प्राप्त राशि 36,000 रु.

14. Prepare Provision for Doubtful Debts Account from the information given below : 4

Items given in Trial Balance :

(i) Debtors Rs. 30,000

(ii) Bad debts Rs. 700

(iii) Provision for Bad and Doubtful debts Rs. 1,600

Additional Information :

Provision for Doubtful Debts is maintained at 2% of the debtors.

निम्नलिखित सूचना से संदिग्ध ऋण प्रावधान खाता बनाएँ :

तलपट में दी गई मदें :

(i) देनदार 30,000 रु.

(ii) अप्राप्त ऋण 700 रु.

(iii) संदिग्ध एवं अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान 1,600 रु.

अन्य सूचना :

देनदारों का 2% संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान रखा जाता है।

15. Ram lends Rs. 6,000 to Shyam on 1st January, 2005 repayable in 12 monthly instalments. The amount of each instalment is Rs. 500 and the first instalment is to be paid on 31st January, 2005. Find the Average Due Date. 5

1 जनवरी, 2005 को राम ने श्याम को 6,000 रु. उधार दिए जो कि 12 मासिक किस्तों में श्याम के द्वारा वापस किए जाने हैं। प्रत्येक किस्त की रकम 500 रु. है और पहली किस्त 31 जनवरी, 2005 को अदा की जानी है। औसत देय तिथि निकालिए।

16. Prepare 'General Ledger Adjustment Account' of Shamir and Company from the following items :

Items in 'Bought Ledger Adjustment Account': 5

(i) Credit purchases Rs. 20,500

(ii) Returns outward Rs. 600

(iii) Discount allowed by creditors Rs. 700

(iv) Bills payable accepted Rs. 12,000

(v) Cash paid to creditors Rs. 30,700

(vi) Creditors' opening balance Rs. 60,000

निम्नलिखित मदों से शामीर एण्ड कम्पनी का 'सामान्य खाताबही समायोजन लेखा' बनाएँ :

'क्रय खाता समायोजन लेखा' की मदें :

(i) उधार क्रय 20,500 रु.

(ii) क्रय वापसी 600 रु.

(iii) लेनदारों से प्राप्त छूट 700 रु.

(iv) देय बिलों की स्वीकृति 12,000 रु.

(v) लेनदारों को नकद भुगतान 30,700 रु.

(vi) लेनदारों का प्रारम्भिक शेष 60,000 रु.

17. From the following items prepare Profit and Loss Account for the year ending on 31st March, 2006 : 6

	Rs.		Rs.
Capital	28,000	Creditors	13,000
Building	30,000	Commission received	900
Furniture	2,600	Interest (Dr.)	300
Maruti Car	4,000	Insurance & taxes	2,000
Bad debts	300	Cash in hand	2,000
General expenses	1,200	Closing stock	6,000
Provision for bad debts	700	Gross profit	21,500
Debtors	15,000	Carriage on sales	700

Additional information :

(i) Commission received in advance Rs. 300

(ii) 10% on debtors is provided for bad and doubtful debts

(iii) Unexpired insurance Rs. 500

(iv) Depreciation on Maruti car is charged at 5%

निम्नलिखित मदों से 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि खाता बनाइए :

	रु.		रु.
पूँजी	28,000	लेनदार	13,000
भवन	30,000	प्राप्त कमीशन	900
फर्नीचर	2,600	ब्याज (डेबिट)	300
मारुति कार	4,000	बीमा और कर	2,000
अप्राप्त ऋण	300	रोकड़ हस्त	2,000
सामान्य खर्चे	1,200	अन्तिम स्कन्ध	6,000
अप्राप्य ऋणों के लिये प्रावधान	700	सकल लाभ	21,500
देनदार	15,000	विक्रय भाड़ा	700

अन्य सूचनाएँ :

(i) अग्रिम प्राप्त कमीशन 300 रु.

(ii) अप्राप्य और संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 10 का प्रावधान किया जाता है

(iii) पूर्वदत्त बीमा 500 रु.

(iv) मारुति कार पर 5% ह्रास लगाया जाता है

19. From the following particulars prepare Income and Expenditure Account of Smart Club for the year ending on 31st December, 2003 : 6

Receipt	Rs.	Payment	Rs.
Cash in hand	3,600	Salary	9,800
Subscription :		Rent	400
Year 2002	1,000	Stationery	200
Year 2003	16,000	Cycle purchased	400
Year 2004	1,200	Help to needy students	3,000
Sale of investments	3,000	Defence Bonds	4,000
Sale of furniture (Book value Rs. 600)	250	Cash in hand	7,250
	25,050		25,050

Additional Information :

(i) Outstanding rent receivable for use of club hall Rs. 200

(ii) Subscriptions outstanding for the year 2003 Rs. 1,500

(iii) Outstanding salaries Rs. 600 for the year 2003

(iv) The amount of subscriptions received in advance on 1.1.2003 was Rs. 400

OR

Explain the accounting treatment of the following items : 6

(i) Annual subscription received in advance

(ii) Donations for building

(iii) Purchase of sports goods by a sports club

(iv) Life membership fee

(v) Entrance fee

(vi) Payments for purchase of refreshments

निम्नलिखित सूचनाओं से 31 दिसम्बर, 2003 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए स्मार्ट क्लब का आय-व्यय खाता बनाइए :

प्राप्ति	रु.	भुगतान	रु.
रोकड़ हस्त	3,600	वेतन	9,800
चन्दा :		किराया	400
वर्ष 2002	1,000	स्टेशनरी	200
वर्ष 2003	16,000	साइकिल का क्रय	400
वर्ष 2004	1,200	गरीब विद्यार्थियों की मदद	3,000
विनियोगों का विक्रय	3,000	डिफेंस बोंड	4,000
फर्नीचर का विक्रय (खाते में मूल्य 600 रु.)	250	नकद शेष	7,250
	25,050		25,050

अन्य सूचनाएँ :

(i) क्लब के हॉल को प्रयोग करने का किराया अभी प्राप्त करना है, 200 रु.

(ii) वर्ष 2003 का चन्दा अभी प्राप्त करना है, 1,500 रु.

(iii) वर्ष 2003 का अदत्त वेतन 600 रु.

(iv) 1.1.2003 को अग्रिम प्राप्त चन्दा की रकम 400 रु. थी

अथवा

निम्नलिखित मदों के लेखांकन व्यवहार की व्याख्या कीजिए :

(i) अग्रिम प्राप्त वार्षिक चन्दा

(ii) भवन के लिए दान

(iii) एक खेल-कूद क्लब द्वारा खेल-कूद के सामान का क्रय

(iv) आजीवन सदस्यता चंदा

(v) प्रवेश शुल्क

(vi) जल-पान का सामान खरीदने हेतु भुगतान